# नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण

## (जल संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार का स्वायत्त निकाय, )

### नर्मदा सदन, सेक्टर–बी. योजना क्रमॉक–74., विजय नगर, इन्दौर (म.प्र.)–452010

नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण में निम्नलिखित पदों को **प्रतिनियुक्ति आधार** पर केन्द्रीय/राज्य सरकारों/सार्वजनिक उपक्रम/राज्य विद्युत बोर्ड/स्वायत्त निकाय के अधिकारियों/कर्मचारियों से भरे जाने का प्रस्ताव हैं। चयनित अभ्यर्थियों की पदस्थापना इन्दौर/भोपाल/बड़ौदा कार्यालय में की जा सकती है। इन पदों को कार्मिक एवं पेंशनर कल्याण विभाग, भारत सरकार के कार्यालयीन ज्ञापन कमांक 4/36/2006–पी एन्ड पीडब्ल्यू (डी)/वाल्यूम–II) दिनांक 31.1.2007 के द्वारा 31 अक्टूबर 2011 तक स्थायी आमेलन के नियम से छूट दी गई है पदों का विवरण निम्नानुसार है

| क्र. सं. | पद का नाम एवं पे बैंड+ग्रेड पे | पद नियुक्ति का अस्थायी स्थान | अपेक्षित शैक्षणिक अहर्ताऍ | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | निदेशक (सिविल) पे बैंड–4 रू. 37400–67000+8700 | इन्दौर/भोपाल/ बड़ौदा | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग में डिग्री या समकक्ष योग्यता | 2 |
| 2. | निदेशक (वित्त) पे बैंड–4 रू. 37400–67000+8700 | इंदौर | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक डिग्री या समकक्ष योग्यता, (आई.सी.डब्ल्यू.ए./सी.ए. परीक्षा / भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखाविभाग की एस.ए.एस. परीक्षा उत्तीर्ण अहर्ता वांछनीय है।) | 1 |
| 3. | उपनिदेशक (सिविल) पे बैंड–3 रू. 15600–39100+6600 | इन्दौर/भोपाल/ बड़ौदा | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री या समकक्ष योग्यता | 4 |

उक्त पदों से संबंधित जानकारी अपेक्षित अहर्ताऍ,अनुभव,कर्तव्यों आदि से सम्बद्व विवरण न.नि.प्रा. की वेबसाइट www.nca.gov.in पर देखा जा सकता है।

आवेदन पत्र प्राप्त किए जाने की अंतिम तारीख रोजगार समाचार में उक्त विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 45 दिनों तक निर्धारित है।

वेबसाइट हेतु लेखन सामग्री

(प्रेस विज्ञप्ति)

नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण,में विभिन्न पदों को प्रतिनियुक्ति पर भरने के लिए रोजगार समाचार के सस्करण दिनांक[illegible]/10/08 में प्रकाशित विभिन्न पदों से संबंधित अपेक्षित अहर्ताऍ, अनुभव, दिये गये कर्तव्यों आदि के संबंध में विवरण निम्नानुसार है:

## 1)निदेशक(सिविल):

### आवश्यक शैक्षणिक अहर्ताऍ

मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग में डिग्री या समकक्ष योग्यता

### अपेक्षित अहर्ताऍ

केन्द्रीय/राज्य सरकार/सार्वजनिक उपकम/राज्य विद्युत बोर्ड/स्वायत्त निकायों में सेवारत वे अधिकारी, जिन्होंने नियमित आधार पर ,क, श्रेणी की सेवा के अन्तर्गत 13 वर्षों की न्यूनतम सेवा पूर्ण कर ली हो तथा सदृश पद पर नियमित आधार पर सेवारत हो

**अथवा**

रू. 12000–16500 के पूर्व संशोधित वेतनमान पर ( पी.बी.–3 रू. 15600–39100 +ग्रेड पे 7600) उन्होंने पॉच वर्ष की निरन्तर सेवा पूर्ण की हुई हो

**अथवा**

रू. 10000–15200 के पूर्व संशोधित वेतनमान पर (पी.बी.–3 रू. 15600–39100+ग्रेड पे 6600) उन्होंने 10 वर्ष की निरन्तर सेवा पूर्ण की हुई हो

**अथवा**

रू. 12000–16500 एवं 10000–15200 के पूर्व संशोधित वेतनमानों में (पी.बी.–3 रू. 15600–39100+ग्रेड पे 7600 एवं 6600) उन्होंने संयुक्त रूप से 9 वर्षों की सेवाऍ पूर्ण कर ली हो।

### अनुभव

जल संसाधन विकास के क्षेत्र में नदी प्रबंधन/अन्वेषण/नियोजन/अभिकल्पना/अनुसंधान/निमार्ण/परिचालन एवं रखरखाव, बहुद्देशीय सिंचाई/जल विद्युत परियोजनाओं के तकनीकी प्रशासन से संबंधित कार्य, अनुभवों में अन्तरराज्यी पहलुओं से जुड़े कार्यों का अनुभव वांछनीय।

### पदों से अपेक्षित कार्यों का विवरण:

चयनित अभ्यर्थी नर्मदा कछार में सरदार सरोवर परियोजन की नहरों के कार्य, नर्मदा कछार में वास्तविक समय ऑकड़ा अर्जन प्रणाली (आर.टी.डी.ए.एस) और/अथवा सरदार सरोवर जलाशय के पानी को नर्मदा मुख्य नहर में प्रवाहित करवाने से संबंधित जलाशय परिचालन के कार्यों को सूचीकरण/प्रबोधन करने तथा सिंचाई बायपास सुरंग (आइ.बी.पी.टी) के परिचालन से संबंधित कार्यों का दायित्व संभालेंगे। वे समय–समय पर उनको सुपूर्द हुए अन्य कार्यों को पूर्ण करने के लिए भी उत्तरदायी रहेंगे।

## 2)निदेशक (वित्त)

### आवश्यक शैक्षणिक अहर्ताऍ

मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक डिग्री या समकक्ष योग्यता, (आई.सी.डब्ल्यू.ए./सी.ए.परीक्षा /भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखाविभाग की एस.ए.एस. परीक्षा उत्तीर्ण अहर्ता वांछनीय है।)

### अपेक्षित अहर्ताऍ

भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग/भारतीय सिविल लेखा /भारतीय रेलवे लेखा विभाग/भारतीय रक्षा लेखा विभाग/केन्द्रीय/राज्य सरकार/सार्वजनिक उपक्रम/राज्य विद्युत बोर्ड/स्वायत्त निकायों में सेवारत् वे वित्त अधिकारी, जिन्होंने नियमित आधार पर "क" श्रेणी की सेवा के अन्तर्गत 13 वर्षो की न्यूनतम् सेवाऍ पूर्ण की हुई हो और सदृश पद पर नियमित आधार पर सेवारत हो

अथवा

सदृश पद पर रू. 12000–16500 के पूर्व संशोधित वेतनमान पर ( पी.बी.–3 रू. 15600–39100 +ग्रेड पे 7600) उन्होंने पॉच वर्ष की निरन्तर सेवा लेखा अधिकारी के रूप मपूर्ण की हुई हो

अथवा

सदृश पद पर रू. 10000–15200 के पूर्व संशोधित वेतनमान पर (पी.बी.–3 रू. 15600–39100+ग्रेड पे 6600) उन्होंने 10 वर्ष की निरन्तर सेवा लेखा अधिकारी के रूप मपूर्ण की हुई हो

अथवा

रू. 12000–16500 एवं 10000–15200 के पूर्व संशोधित वेतनमानों में (पी.बी.–3 रू. 15600–39100+ग्रेड पे 7600 एवं 6600) उन्होंने संयुक्त रूप से 9 वर्षों की सेवाएँ लेखा अधिकारी के रूप म पूर्ण कर ली हो।

**अनुभव :**

लेखा अधिकारी के रूप में कार्य करते हुए 5 वर्ष का न्यूनतम अनुभव होना अनिवार्य हैं,जिसके अन्तर्गत स्थापना,रोकड़ बजट एवं लेखों से संबंधित कार्य अनुभव तथा लोक लेखा कार्यों का लेखाकरण से संबंधित ज्ञान होना सम्मिलित है।

**पदों से अपेक्षित कार्यों का विवरण:**

वे ननिप्रा के वित अनुभाग का पूर्ण रूप से प्रभार संभालेंगे। ननिप्रा के वार्षिक लेखा एवं प्राधिकरण के लिए तैयार किया जाने वाला बजट सम्पूर्ण रूप से अपनी देखरेख एवं दिशा–निर्देश में तैयार करवाने का दायत्वि संभालेगें। उक्त कार्यों को पूर्ण करवाने में उन्हें उप वित अधिकारी व लेखा अधिकारी की सहायता प्राप्त होगी। वे ननिप्रा की निधि स्थिति तथा समय–समय पर पक्षकार राज्य सरकारों से उनके अंशदान प्राप्त करने से संबंधित कार्यों को पूर्ण करने के लिए दायित्वों का निवर्हन करेंगे। वे अनुमोदन आदि प्राप्त करने के लिए सभी संबंधित पेपर/मिसिल सदस्य(विद्युत) के माध्यम से कार्यकारी सदस्य, ननिप्रा. के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

## 3)उपनिदेशक(सिविल)

**आवश्यक शैक्षणिक अहर्ताऐं**

मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री या समकक्ष योग्यता

**अपेक्षित अहर्ताऐं**

केन्द्रीय/राज्य सरकार/सार्वजनिक उपक्रम/राज्य विद्युत बोर्ड/स्वायत्त निकायों में सेवारत वे अधिकारी जिन्होंने नियमित आधार पर सदृश पदों पर कार्यरत हों

अथवा

सृदश पद रूपये 8000–13500 के पूर्व संशोधित वेतनमान ( पी.बी.–2 रू. 9300–34800+ग्रेड पे 5400 एंव पी.बी.–3 रू. 15600–39100 +ग्रेड पे 5400) पर उन्होंने 5 वर्ष की निरन्तर सेवा पूर्ण कर ली हो

अथवा

सृदश पद पर रूपये 7500–12000 के पूर्व संशोधित वेतनमान (पी.बी.–2 रू. 9300–34800+ग्रेड पे 4800) के संशोधित वेतनमान पर उन्होंने 6 वर्ष की निरन्तर सेवा पूर्ण कर ली हो

अथवा

सृदश पद पर रूपये 6500–10500 के पूर्व संशोधित वेतनमान ( पी.बी.–2 रू. 9300–34800+ग्रेड पे 4200) के संशोधित वेतनमान पर उन्होंने 8 वर्ष की निरन्तर सेवा पूर्ण कर ली हो

**अनुभव :**

जल विज्ञान/जल मौसम विज्ञान सम्बन्धी ऑकड़ों का संग्रहण, संकलन/विश्लेषण करने से सम्बन्धित क्षेत्र का अनुभव । सिंचाई एवं जल विद्युत आधारित परियोजनाओं में बड़े आकार के जल भण्डारण से सम्बन्धित कार्यो का अन्वेषण/नियोजन /अभिकल्पन/अनुसंधान/निर्माण/तकनीकी प्रशासन से सम्बन्धित कार्य, अनुभवों में अन्तरराज्यीय पहलुओं से जुड़े कार्यो का अनुभव वांछनीय।

**पदों से अपेक्षित कार्यों का विवरण:**

चयनित अभ्यर्थी नर्मदा कछार की परियोजना के जलीय/जलमौसम विज्ञानीय ऑकड़ों का स्थल से सग्रहण/संकलन/विष्लेषण/अन्वेषण/नियोजन एवं प्रबोंधन कार्य संभालेंगे। वे केन्द्र सरकार/पक्षकार राज्यों के सम्बद्व विभागों से कार्य सम्पर्क बनाए रखेंगे। भूमि एवं सम्पदा का रखरखाव,परियोजना प्रभावित परिवारों के पुनर्व्यवस्थापन एवं पुनर्वास से संबंधित कार्यो को पूर्ण करने के लिए उत्तदायी रहेंगे। वे समय–समय पर उनको सपर्द किये गये अन्य कार्यों को पर्ण करने के लिए उत्तरदायी रहेंगे।

क्रमांक 1 एवं 2 में उक्त उल्लेखित पदों हेतु रू. 12000–16500 के पूर्व संशोधित वेतनमान ( पी. बी.–3 रू. 15600–39100 +ग्रेड पे 7600) या रू. 10000–15200(पी.बी.–3 रू. 15600–39100+ग्रेड पे 6600) में पॉच वर्ष की निरन्तर सेवा करने वाले अधिकारी को रू. 12000–16500( पी.बी.–3 रू. 15600–39100 +ग्रेड पे 7600) अनुसार नियुक्ति हेतु पात्र समझा जाएगा एवं उन्हें निर्धारित पात्रता पूर्ण करने पर रू. 14300–18300(पी.बैंड–4 रू. 37400–67000+8700 ग्रेड पे) में पदस्थ किया जा सकेगा।

प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतः तीन वर्ष रहेगी, जिसे पॉच वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है, बशर्ते प्रतिनियुक्ति की कुल अवधि पॉच वर्ष से अधिक नहीं हो, जिसमें इससे ठीक पूर्व किसी बाह्य कैडर पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि भी शामिल मानी जायेगी। अभ्यर्थी की उम्र आवेदन पत्र प्रस्तुत किए जाने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। उक्त उल्लेखित पदो की संख्या एवं पद तैनाती के संबंध में दी गई जानकारी मात्र सांकेतिक है जो नियुक्ति के दौरान वास्तविक आवश्यकताओं के अनुरूप परिर्वतनीय है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार द्वारा 2 जनवरी 2008 को जारी हुए कार्यालयीन ज्ञापन क्रमांक एबी–14017/89/2007–स्थापना (आर.आर) में दिए निर्देशों की अनुवर्ती कार्यवाही स्वरूप अब अभयर्थियों को इस विज्ञापन के जवाब में पदो के लिए किये गये आवेदन को वापस लिये जाने की स्वीकृति नहीं दी जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों का चयन हो जाने की स्थिति में अपनी नियुक्ति को वे अस्वीकृत नहीं कर सकते अन्यथा उन्हें अपने संवर्ग से बाहर भविष्य में नियुक्त किए जाने के लिए विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन पत्र उचित माध्यम द्वारा दिए गये प्रपत्र के अनुसार भरकर विगत पॉच वर्षों की अद्यतन वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट की प्रतियों और सर्तकता निर्बाधता प्रमाणपत्र के साथ उप निदेशक(प्रशासन) नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण,नर्मदा सदन सेक्टर–बी, स्कीम नं. 74, विजय नगर, इन्दौर–452010 के पते पर इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 45 दिनों के भीतर भेजे जाए। अधूरे आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा जो उक्त उल्लेखित निर्धारित प्रमाणपत्र संलग्न नहीं किए हुए होंगे अथवा जिनके साथ वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट/सतर्कता निर्बाधता प्रमाणपत्र संलग्न नहीं किए हुए होंगे अथवा अधूरी जानकारी देते हुए भरे गये होंगे उसपर विचार नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थी को अगर ऐसा लगे कि उचित माध्यम द्वारा उनके आवेदन पत्र (वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट/सतर्कता निर्बाधता प्रमाणपत्र सहित) अग्रेसित कराने में विलम्ब होने की संभावना हो तो उन्हें परामर्श दिया जाता है, कि वे अपने आवेदन पत्र की एक अग्रिम प्रति सीधे प्राधिकरण को भेज सकते हैं ।

## विवरण पत्र का प्रारूप

नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण में प्रतिनियुक्ति पर ........................................................................ के पद हेतु आवेदन पत्र

1. नाम एवं पता (बड़े अक्षरों में)
2. जन्म की तारीख (सन् में)
3. केन्द्रीय/राज्य सरकार के नियमों के अंतर्गत सेवानिवृत्ति की अवधि
4. शैक्षणिक अहर्ताऍ
5. पद हेतु क्या आप शैक्षणिक एवं अन्य आवश्यक अहर्ताएं पूरी करते है (यदि कोई अर्हता निर्धारित नियमों के अंतर्गत किसी अर्हता के समकक्ष मानी हुई हो उससे समबद्व प्रमाणपत्र संलग्न करें )।

   आवश्यक अर्हता/अनुभव — अधिकारी द्वारा प्राप्त की हुई योग्यता/अनुभव

   अनिवार्य अर्हताऍ (1) (2) (3)

   वांछित अर्हताऍ (1) (2)
6. ये भी स्पष्ट करें कि क्या आपके द्वारा उपरोक्त कॉलम में उल्लेखित विवरण उक्त प्रस्तावित पद की अपेक्षित अर्हताएं पूरी करते है
7. निम्नलिखित विवरणानुसार पूर्व में आपके द्वारा दी गई सेवाओं को कालानुक्रम में दर्शाए : (विधिवत् रूप में हस्ताक्षर कर प्रमाणित करते हुए पृथक पत्रक संलग्न करें)

| कार्यालय/संस्था | धारित पद | कब से | कब तक | वेतनमान एवं मूलवेतन | निष्पादित किए कार्यो की प्रकृति (विस्तृत रूप से) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

8. वर्तमान नियुक्ति का स्वरूप अर्थात तदर्थ या अस्थायी या स्थायिवत् या स्थायी
9. वर्तमान नियुक्ति यदि प्रतिनियुक्ति आधार पर /संविदा आधार पर है तो उल्लेख करें

   (अ) प्रारंभिक नियुक्ति की तारीखः

   (ब) प्रतिनियुक्ति आधार पर/संविदा आधार पर नियुक्ति की तारीख

   (स) पैतृक कार्यालय/संस्था का नाम, जिससे आप सम्बद्व है
10. वर्तमान नियुक्ति के बारे में अतिरिक्त विवरण

    इस बात का भी उल्लेख करें कि आप किस सेवा (सम्बन्धित कॉलम में नियोक्ता का नाम दर्शाते हुए) के अंतर्गत कर्तव्यरत है :

(अ) केन्द्रीय सरकार (ब) राज्य सरकार (स) स्वायत्त संस्था (द) शासकीय उपक्रम (च) विश्वविद्यालय (छ) अन्य

11. इस बात का भी उल्लेख करे कि क्या वर्तमान में आप (जिसका उल्लेख ऊपर किया है) उसी विभाग में कार्यरत् है तथा मुख्य पदक्रम में अथवा मुख्य पदक्रम से मिलाने वाले पदक्रम में कार्यरत् है ।

12. क्या आपका वेतन संशोधित वेतनमान के अंतर्गत है यदि उत्तर हॉ में है तो वेतन पुनरीक्षण की तारीख का उल्लेख करें और पूर्व संशोधित वेतनमान का भी उल्लेख करें

13. आवेदन पत्र प्रस्तुत किए जाने की तारीख में आपके द्वारा प्रतिमाह आहरण की जाने वाली सभी परिलब्धियों (कृपया सम्बद्व विवरण का उल्लेख करे या आवेदन पत्र के साथ अद्यतन वेतनपर्ची संलग्न करें) का विवरण दें ।

14. अन्य सम्बन्धित जानकारी, यदि कोई हो, जो उक्त पद पर आपकी उपयुक्तता के संबंध में उल्लेखनीय हो, जिसमें वे सभी विवरण दिये हो, जो उक्त रिक्तियों के परिपत्र/विज्ञापन में निर्धारित की गए अहर्ताएँ/कार्यो/अनुभवों से भी अधिक अनुभव, अतिरिक्त शैक्षणिक अहर्ताएँ प्राप्त की हुई हो ।

15. क्या आप अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से सम्बद्व है ।

16. टिप्पणी (उम्मीदवार निम्नलिखित जानकारी का उल्लेख भी करें ) यदि कोई हो ।
(1) रिसर्च पब्लिकेशन्स एवं रिपोर्ट एवं स्पेशल प्रोजेक्ट (2) अवार्ड/छात्रवृत्ति/शासकीय सराहना (3) व्यावसायिक निकायों/संस्थाओं/सोसाइटी के साथ सम्बन्धन (4) अन्य कोई जानकारी ।
(नोट : यदि उक्त जानकारी हेतु निर्धारित प्रपत्र में पर्याप्त स्थान नहीं है तो अतिरिक्त पत्रक में उल्लेख कर संलग्न करें)

17. पत्राचार करने हेतु कार्यालय व गृह नगर का पता एवं सम्पर्क साधने हेतु दूरभाष संख्या का उल्लेख करें :

| (अ) | कार्यालय का पता | (ब) | गृह नगर/आवास का पता |
|---|---|---|---|
| | ............................................ | | ................................................ |
| | ............................................ | | ................................................ |
| | दूरभाष संख्या .................... | | दूरभाष संख्या .......................... |

मैने उक्त रिक्तियों के परिपत्र/विज्ञापन को सावधानी से पढ़ लिया है और मैं इस तथ्य से पूर्णतया भिज्ञ हूँ कि मेरे द्वारा संलग्न किए प्रलेखों सहित प्रस्तुत किए स्वयं के सम्बन्ध में उक्त सभी विवरण पद चयन की प्रक्रिया के दौरान चयन समिति द्वारा भी आकें जायेंगे ।

आवेदनकर्ता के हस्ताक्षर ...................................

दिनॉक ............ पता ...................................................... ..........

................................................................ ..........

प्रति हस्ताक्षरित

(नियोक्ता की मोहर सहित)